पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

आगरा में विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाओं के विकास की 140 करोड़ रुपए की योजनाओं पर कार्य शीघ्र आरम्भ होगा

आगरा में इनर रिंग रोड का भी किया जाएगा निर्माण

लखनऊ : 10 सितम्बर, 2012

मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा में पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए ताजगंज परियोजना के तहत 140 करोड़ रुपए की योजनाओं पर जल्दी ही कार्य शुरु कर दिया जाएगा। इस परियोजना के अन्तर्गत ताजमहल के आस–पास सफाई, सौन्दर्यीकरण, सड़क निर्माण, ताज के पूर्वी और पश्चिमी गेट के पास नालों के जीर्णोद्धार के कार्य प्रारम्भ किये जा रहे हैं।

ताजमहल के निकट ताजगंज में विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए अहमदाबाद के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन की रिपोर्ट के आधार पर ताजमहल के पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी गेट तथा फतेहाबाद रोड पर अवस्थापना सुविधाएं विकसित की जाएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक ताजमहल जाने के लिए अधिकांश पर्यटक पश्चिमी गेट से जाते हैं। इसके अलावा दक्षिणी गेट से भी पर्यटक ताजमहल जाते हैं लेकिन इस रास्ते में बाजार है और यहां अक्सर भीड़ रहती है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर ताजमहल तक जाने वाले इन रास्तों को और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस कर दिया जाए तो पर्यटकों को ताज के दीदार में जो दिक्कतें आती हैं, उनसे निजात मिल जाएगी। इससे पर्यटक और उत्साह से ताजमहल के दर्शन के लिए आएंगे।

गौरतलब है कि ताजमहल उत्तर प्रदेश के पर्यटन उद्योग का सबसे बड़ा आकर्षण है। वर्ष 2011 में ताजमहल देखने के लिए लगभग 80 लाख पर्यटक आए थे। इसमें घरेलू पर्यटकों की संख्या लगभग 69 लाख तथा 10 लाख 73 हजार विदेशी पर्यटक आए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ताजमहल के आस–पास 500 मीटर की परिधि में पर्यटन इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा आगरा शहर के अन्य स्थानों पर भी अवस्थापना कार्य शुरु कराए जा रहे हैं ताकि ताजनगरी को विश्वस्तरीय शहर का स्वरूप दिया जा सके। इसी क्रम में आगरा की इनर रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा।

————————